# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## बुधवार, तिथि 24 जनवरी, 1990 ई०

**( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )**

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में **बुधवार, तिथि 24 जनवरी, 1990** को पूर्वाह्न 10:15 बजे अध्यक्ष, **श्री मो० हिदायतुल्ला खाँ** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना<br>दिनांक : 24 जनवरी, 1990

**चन्द्रशेखर शर्मा**<br>सचिव<br>बिहार विधान-सभा।

---

वेतन का भुगतान कराते हुए विलम्ब दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती हैं ?

---

## कर्मचारियों कि वापसी

154. श्री राम लाल सिंह : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

श्री एच० एच० रहमान :

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत दुर्गाबती, जलाशय परियोजना बांध के अधीनस्थ वर्ष 1977 से कार्यरत 1042 कर्मचारियों को 1986 में छटनीग्रस्त कर दिया गया ?

(1) मात्र 1023 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को ही दिनांक-16.10.84 से छटनी की गई थी।

(2) क्या यह बात सही है कि 1988 से ही छटनीग्रस्त कर्मचारीगण छॅटनी वापस लेने हेतु संघर्षरत है और दिनांक-29.12.89 को मुख्य मंत्री, के समक्ष पटना में प्रदर्शन कर छटनी वापस लेने के लिए स्मार दिया है,

(2) सरकार को इसकी जानकरी नहीं है।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार छँटनीग्रस्त कर्मचारियों को पुनः काम पर रख ने पर विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

(3) सम्प्रति नियुक्ति पर प्रतिबंध लगा रहने के कारण, किसी भी छटनीग्रस्त की पुनः नियुक्त करना सम्भव नहीं होगा।

---

## सड़क मरम्मत करना

**157. श्री सुरेश कुमार मिश्र :** क्या मंत्री, ग्रामीण विभाग क्या यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

**श्री ठाकुर मुनेश्वर नाथ सिंह :**

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला क झंझारपुर अनुमंडलान्तर्गत हरड़ी ग्राम में 1987 ई० में आई भीषण बाढ़ से गाँव को सभी आर० ई० ओ० को संपर्क क्षतिग्रस्त हो गयी जिसकी मरम्मत अभी तक नहीं की गई है।

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) क्या यह बात सही है कि मौनसून की पहली वर्षा में ही हरड़ी गाँव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय एवं अन्य पड़ोसी गाँव के साथ टूट जाता है।

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक है।